आइआइएम रांची व इडीआइआइ बनायेंगे छात्रों को इंटरप्रेन्योर

लाइफ रिपोर्टर @ रांची
life.ranchi@prabhatkhabar.in

- इडीआइआइ अहमदाबाद के साथ आइआइएम रांची ने किया एमओयू
- दोनों संस्थान मिल कर विद्यार्थियों के लिए चलायेंगे ट्रेनिंग प्रोग्राम

आइआइएम रांची और इंटरप्रेन्योशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (इडीआइआइ) अहमदाबाद के बीच शुक्रवार को एमओयू हुआ. दोनों संस्था अब मिल कर विद्यार्थियों को इंटरप्रेन्योर बनने में मदद करेगी. इसके लिए संस्थान मिल कर विभिन्न ट्रेनिंग प्रोग्राम और काउंसिलिंग प्रक्रिया में विद्यार्थियों को शामिल कर उन्हें बेहतर मार्गदर्शन देने की कोशिश करेगी. साथ ही दोनों संस्थान आपस में सामंजस्य स्थापित कर रांची में विद्यार्थियों के लिए इनक्यूबेशन सेंटर बनायेंगे, जो विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रम के साथ इंटरप्रेन्योशिप के लिए प्रेरित करेगा. समय-समय पर दोनों ही संस्थान के शिक्षकों की मदद ली जायेगी.

तकनीकी मदद देगी इडीआइआइ

रांची में इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए इडीआइआइ हरसंभव तकनीकी मदद देगी. दोनों संस्थान मिल कर विद्यार्थियों के लिए सर्टिफिकेट कोर्स, इंटरप्रेन्योशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम, स्किल डेवलपमेंट जैसे कार्यक्रम आयोजित करेंगे. इसके अलावा शिक्षा के आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत स्टूडेंट एंड फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम भी चलाया जायेगा, जिससे पाठ्यक्रम को मजबूत करने के साथ-साथ रिसर्च के क्षेत्र में भी काम कर सकेंगे. इस दौरान इडीआइआइ के जनरल डायरेक्टर डॉ सुनील शुक्ला, आइआइएम के डायरेक्टर प्रो शैलेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद थे.

Prabhat Khabar, 23.05.2020, Pg. 07